शिक्षकों को आपस में अकादमिक चर्चाओं में सहयोग हेतु

# चर्चा पत्र

माह–जनवरी 2022

वर्ष–7 अंक–8














शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़

**आपसे अनुरोध-** चर्चा पत्र के इस अंक में हम प्रारंभिक भाषाई/गणितीय कौशलों के समय पर विकास हेतु कुछ सामग्री के नमूने आपको उपलब्ध करवा रहे हैं | आपको अपने अपने संकुल में बैठक लेकर ऐसी और ढेर सारी सामग्री हिन्दी और प्रचलित स्थानीय भाषा में खोजकर संकलित करना है | इन सामग्रियों का समय समय पर अपनी कक्षा में उपयोग करें | सौ दिन के पठन और गणित के कैम्प के दौरान भी इनका नियमित उपयोग किया जाए | आपके संकुल में संकलित सामग्री को साझा करने हेतु टेलीग्राम में एक ग्रुप Hundred days FLN campaign के नाम से बनाया गया है | इस ग्रुप में सभी शिक्षक जुड़कर अपने अनुभव एवं सामग्री को साझा करें |

## एजेंडा एक: FLN गीत हिन्दी

| | |
|---|---|
| अ-अनार के दाने खाओ<br>आ- आम को चूसते जाओ<br>इ- इमली की चटक खटाई<br>ई-ईख से बनी मिठाई<br>उ- उल्लू को मार भगाओ<br>ऊ- ऊन से स्वेटर बनाओ<br>ऋ- ऋषि का करो सम्मान<br>ए- एड़ी से वजन संभालो<br>ऐ- ऐनक आंखों में लगा लो<br>ओ- ओखली से कूटो धान<br>औ- औरत भारत की शान<br>अं- अंगूर के प्यारे गुच्छे<br>अः -अहा अहा कितने अच्छे<br><br>गेहूँ का आटा<br>आटे की रोटी<br>गुड़िया खाके हो गयी मोटी<br>चला न जाय ले ली सोटी<br>बोली मेरी किस्मत खोटी | राजू है नटखट, बोलें है पटपट।<br>बदमाशी करता है झटपट, दौड़े है सरपट।<br>खाना खाते चटचट, रोता है टप-टप।<br>चुप हो जाता झटपट, खेल खेलता अटपट।<br>कक्षा के दरवाजे पर करता है,खट-खट।<br><br>मामा लेकर<br>आया खिलौना<br>बंदर, भालू<br>तोता ,मैना<br>खेले,खाये<br>चना चबैना<br>देखो दोनो<br>भाई,बहना<br><br><br>ऊपर पंखा चलता है<br>नीचे मुन्ना सोता है<br>सो जा मुन्ना सो जा<br>लाल पलंग में सो जा<br>लाल परी आएगी<br>सुंदर सपने दिखाएगी |

अ से अदरक सबको भाता
चाय का स्वाद बढ़ाता
आ से आम फलों का राजा
मीठा-मीठा ताजा-ताजा
इ से इमली खट्टी न्यारी
खट्टी होकर लगती प्यारी
ई से ईख मीठी मीठी
चखकर देखो है ये अनूठी
उ से उल्लू रात में जगता
दिन निकलते हैंह सोता
ऊ से  उन मां लेकर आई
नानी ने मफलर बनाई
ऋ से ऋषि लगाते ध्यान
इससे रहता मन शांत
ए से एड़ी कदम मिलाओ
घर से स्कूल दौड़ के जाओ
ऐ से ऐनक है शैतान
चढ़े नाक पर पकड़े कान
ओ से ओखली घर की शान
इससे कुटे हम सब धान
औ से औरत मां है हमारी
लगती है सबसे प्यारी
अं से अंगूर बड़े रसीले
होते हैं यह काले पीले
अः स्वर है खाली
आओ सब बजाएं ताली




छोटा सा हाथी
सच्चा मेरा साथी।
छोटी सी गुड़िया
जादू की पुड़िया।
छोटी सी मुनिया
घर में लगाए धनिया।
छोटा सा बंदर
पिंजरे के अंदर।
मेरी गोल थाली
सब बजाओ ताली।



बिजली चमकी बरसा पानी.
मेढक करने लगे शैतानी.
भीग गयी जब तितली रानी.
सिर पर नन्ही छतरी तानी.

## Twinkle, Twinkle Little Star

Twinkle, twinkle, little star
How I wonder what you are
Up above the world so high
Like a diamond in the sky
Twinkle, twinkle little star
How I wonder what you are

## Johnny Johnny! Yes, Papa?

Johnny Johnny! Yes, Papa?
Eating sugar? No, Papa.
Telling lies? No, Papa.
Open your mouth
O Ha! Ha! Ha!

# एजेंडा दो: FLN गीत गणित

**गिनती गीत**



एक बड़े राजा की बेटी
दो दिन से बीमारी पड़ी
तीन सिपाही दौड़े आए
चार दवा की पुड़िया लाए
पाँच मिनट में गरम करायी
छः -छः घंटे बाद पिलायी
सातवें दिन आँखें खोली
आठवें दिन कुछ मुँह से बोली
नौवें दिन में ताकत आयी
दसवें दिन फिर दौड़ लगायी

**घटाने का गीत**

पांच बड़े कबूतर ,पढ़ रहे अखबार
एक उड़ कर चला गया, बाकी रह गए चार
चार बड़े कबूतर ,बजा रहे थे बीन
एक उड़ कर चला गया,बाकी राह गए तीन
तीन बड़े कबूतर, बैठे थे टहनी पर वो
एक उड़ कर चला गया, बाकी रह गए दो
दो बड़े कबूतर, काट रहे थे खेत
एक उड़ कर चला गया, बाकी रह गया एक
एक बड़ा कबूतर,बैठा था उकड़ू
बोला गर्दन तान के,मैं हु कुकडु कु....

**जोड़ने का गीत**

एक लाल तितली गई फूल पर सो
एक और आ गई हो गई दो
दो लाल तितली बजा रही थी बीन
एक और आ गई हो गई तीन
तीन लाल तितली पहन रही थी हार
एक और आ गई हो गई चार
चार लाल तितली कर रही थी नाच
एक और आ गई हो गई पांच
पांच लाल तितली कर रही थी जय
एक और आ गई हो गई छः
छः लाल तितली कर रही थी बात
एक और आ गई हो गई सात
सात लाल तितली पढ़ रही थी पाठ
एक और आ गई हो गई आठ
आठ लाल तितली बो रही थी जौं
एक और आ गई हो गई नौ
नौ लाल तितली चला रही थी बस
एक और आ गई हो गई दस


**बच्चों को आकार सिखाना**

पूछो ,पूछो ,पूछो ,कौन हूं मैं?
गोल हू मै ,गोल हू मै,गोल हूं
धरती, बिंदी, रोटी, डफली ,सिक्का ,
चौकोर हू, चौकोर हू, चौकोर हूं,
वर्ग, माचिस, श्यामपट्ट, टेबल,
पूछो पूछो पूछो कौन हूं मैं?
तिकोन हू,तिकोन हू,तिकोन हू मै
त्रिभुज, तिपाई ,समोसा
पूछो,पूछो,पूछो
कौन हूं मैं
लंबा हूं लंबा हू,लंबा हूं
पाइप ,बांस , तार,
बुझो बुझो बुझो कौन हूं मैं ?



**2 का पहाड़ा**

दो एकम दो ।
साबुन से हाथ धो।
दो दूनी चार।
नहा धो के हो तैयार।
दो तिया छः।
साफ सुथरा रह।
दो चौके आठ।
याद करो पाठ।
दो पंचे दस।
रोना छोड़ो बस।
दो छक्के बारह।
घर पर ही रह।
दो सत्ते चौदह।
कुछ तो अब कह।
दो अट्ठे सोलह।
आठ होते हैं ग्रह।
दो नवम अट्ठारह।
देखो जल की सतह।
दो दहाम बीस।
सबसे बड़ा ईश।




***One, Two, Three, Four, Five***

*One, two, three, four, five,*
*Once I caught a fish alive,*
*Six, seven, eight, nine, ten,*
*Then I let it go again.*
*Why did you let it go?*
*Because it bit my finger so.*
*Which finger did it bite?*
*This little finger on the right*

**जोड़ और घटाव**

जोड़ घटाना गणित के भाग
गणित को है इन पर नाज
इनके बिना ना गणित के काज
बच्चों सीखें इनके राज


जोड़ में संख्या बढ़ती जाए
दो संख्याओं का मान बढाएं
दोनों संख्या मिलकर गाएं
जोड़ से अपनी साख बनाए

घटाव में संख्या घटती जाए
संख्या काट कर मान बताए
बड़ी संख्या को ऊपर लाए
छोटी संख्या काटी जाए



**भिन्न**

भिन्न होते खंडित हिस्से
अंश बटा हर में लिखते
तीन तरह के भिन्न बताते
सम, विषम, मिश्रित कहलाते
सम भिन्न की यह पहचान
अंश छोटा हर बलवान
विषम भिन्न में उलटे छोर
अंश तगड़ा हर कमजोर
मिश्रित भिन्न अनोखा रंग
पूर्णांक सम भिन्न संग



एक दो तीन चार
आज शनि है कल इतवार
पांच छह सात आठ
याद करूंगा सारा पाठ
इसके आगे नौ और दस
हो गयी गिनती पूरी बस

## एजेंडा तीन: FLN कहानी हिन्दी

हम आपको यहाँ कुछ डिकोडेबल पाठों के उदाहरण दे रहे हैं | डिकोडेबल पाठ के शब्द उन वर्णो/ मात्राओं से मिलकर बनाए जाते हैं जो बच्चे पहले से सीख चुके होते हैं | बच्चों को वाक्यों को पढने का अभ्यास करने की जरुरत होती है | ऐसे पाठों को पढने से बच्चों को वास्तविक पठन का अनुभव होता है जो वो सीखी हुए वर्णो का उपयोग कर स्वयं पढने में कर सकते हैं | स्वयं पढ़ सकने का अनुभव लेने पर वे और पढने के लिए प्रोत्साहित होते हैं | **आप इन कहानियों को पढ़कर अनुमान लगाएं कि कौन कौन से वर्ण एवं मात्राएँ सिखाकर इन कहानियों को पढने देना चाहिए ?**

### स्कूल का पहला दिन (स्तर एक -बालवाटिका)



स्कूल में आज मेरा पहला दिन है। माँ मेरा हाथ पकड़े हुए हैं और मेरे साथ चल रही हैं।
"मैं अब बड़ी हो गई हूँ," मैं कहती हूँ।
"चलो...चलो!"
माँ ने मेरा हाथ कसकर पकड़ा हुआ है।



मैं दौड़कर अंदर जाती हूं।
माँ छुट्टी होने पर वहीं मिलेंगी!

### मेला

ममता के मामा-मामी आए | ममता को मेला घूमने लाए | मामा ने कहा- ममता मेले से सामान ले लो | ममता मामा की बात मान गयी | ममता ने रस-मलाई ली | मामी ने ममता के लिए मोज़े लिए | मेले में खूब मजा किए | मामा-मामी खूब खुश हुए |

### काका-काकी

मेरे काका-काकी कोरबा में मेरे घर आए | काका-काकी कार से कानपुर से कोरबा आए | काका-काकी मेरे कमरे में रुके | काकी मेरे लिए कैमरा लाई | काका के लिए मैंने करेला और ककडी को चाकू से काटकर उसकी सब्जी बनाई | काकी को मेरे हाथ की कड़क रोटी पसंद है |

### शौचालय

शौर्य शाहपुर नामक गाँव में रहता है | उसके गाँव में शौचालय नहीं है | सभी शौच के लिए मैदान में जाते हैं | एक दिन सुबह सुबह खूब शोर सुनाई दिया | शौर्य बाहर दौड़ा तो देखा बहुत भीड़ है | शेर ने शौर्य के चाचा को शौच जाते समय घायल कर दिया |सब उसे अस्पताल लेकर गए | शौर्य भी साथ में गया | डाक्टर ने कमजोर शौर्य को देखा तो उसकी भी जांच की | डाक्टर ने उसकी बीमारी का कारण खुले में शौच करना बताया | उन्होंने गांवालों को समझाया कि शौच के बाद हाथ नहीं धोना भी हानिकारक है |
तभी शौर्य ने अपने घर में शौचालय बनवाने के लिए अपने माता-पिता को मना लिया | अब उसके घर में शौचालय है | अब शौर्य घर पर शौचालय का उपयोग करता है | शौच के बाद वह अपने हाथ साबुन से धोता है | अब उसे बीमारी का कोई खतरा नहीं है |

## एजेंडा चार: FLN कहानी गणित

**तानिया की खोजें**

तानिया जानती थी कि उसका एक नाक, दो आंखें और दो हाथ हैं। वह यह भी जानती थी कि उसके दो हाथों पर दस उंगलियां हैं। पर उसकी खोजें आगे चलती रहीं।




**तानिया कि बीस उंगलियां हैं – दस हाथों पर और दस पैरों पर**

तानिया एक बार सारा दिन इधर उधर कूदती रही, तब उसकी मां ने उसे पैर धोने के लिए कहा। पैर धोते समय तानिया ने देखा कि उसके पैरों पर भी दस उंगलियां हैं – पांच बाएं पैर पर और पांच दाएं पर। तानिया नें दादी मां को जा कर दिखाया कि पांच उंगुलियां उसके बाएं हाथ पर थी, पांच दाएं हाथ पर, पांच बाएं पैर पर, और पांच दाएं पैर पर। इस तरह वह दादीमां से सीखी दस के बाद की गिनती – ग्यारह बारांरह, तेरह,चौदह,पंद्रह,सोलह, सत्रह, अठारह, उन्नीस और बीस। अब वह रोज़ बीस तक गिनती थी।

**बीस के बाद क्या आता है?**

तानिया नें चाचाजी को फ़ोन कर के बताया कि अब वह बीस तक गिन सकती है। उसने बताया कि वह खुश और व्याकुल दोनो है। चाचाजी ने कहा: अपनी मां को फ़ोन दो।



मां तानिया को: व्याकुल क्यों है?

तानिया: मुझे नहीं पता कि बीस के बाद क्या आता है।

चौतीस, पैंतीस, छत्तीस, सैंतीस, अढ़तीस, उंतालीस और फिर चालीस। फिर आएंगे इकतालीस, बयालीस इत्यादि, उनंचास और पचास। बाद में इकावन, बावन इत्यादि उनसठ और साठ। अगले दस के बाद आता है सत्तर, फिर दस के बाद अस्सी, दस के बाद नव्वे। नव्वे और नौं नन्यानवें के बाद आता है सौ।

**तानिया ने घर में सौ चीज़ें गिनी**

तानिया: कल मैं गिनूंगी कि क्या हमारे घर में सौ चीज़ें हैं?

अगले दिन तानिया ने घर में सौ चीज़ें गिनी। उसके बाद उसने पड़ौस में सौ घर गिने, फिर सड़क पर सौ कारें इत्यादि। जानते हैं, बात यहां समाप्त नहीं हुई। अब वह गुड़िया के सिर के बाल गिनना चाहती थी। इस तरह उसने सीखा कि नौ सौ नन्यानवें के बाद आता है एक हज़ार।

वह यह भी जान गई कि एक हाथ की पांच और दूसरे हाथ की पांच उंगलियों के योग से बनती हैं दस उंगलियां। एक दिन उसने सात कहने हेतु एक हाथ की पांच और दूसरे हाथ की दो उंगलियां दिखाई।



**चुनौती**

देखो, अपनी खिड़की से कितने घर गिन सकते हो।

## एजेंडा पांच: FLN TLM हिन्दी

1. दो अक्षर वाले बिना मात्रा के शब्द कार्ड

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जय | वह | नस | तक | छत | पट | रट | कट | नल | कल |
| जल | मल | पल | फल | कब | कह | बल | दल | तब | लड़ |
| लक | पग | पथ | गज | एक | कप | हम | जन | जब | छह |

2. तीन अक्षर वाले बिना मात्रा के शब्द कार्ड

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पदक | लहर | कदम | रहम | बटन | नगर | हवन | चमक | सफल | अजय |
| भवन | अक्षर | शहद | वचन | कहर | ठहर | खबर | मलय | मटर | नजर |
| अगर | मगर | मकर | नहर | कपट | इधर | उधर | वजन | पलक | महक |

3. चार अक्षर वाले बिना मात्रा के शब्द कार्ड

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बचपन | नटखट | अजगर | मतलब | जमकर | जगमग |
| गपशप | मलमल | बरगद | अजहर | उलझन | शरबत |
| सरकस | अरहर | हलधर | तरकश | दशहत | हरदम |

4. प्रतिदिन कुछ नए शब्द सीखना और उनके विभिन्न भाषाओं में अर्थ जानना




5. कपडे का सौ पॉकेट वाला पॉकेट बोर्ड

कपडे के बड़े थान को फोल्ड कर दस आड़े एवं दस ऊपर से नीचे पोकेट बनाकर उसमें सिलाई कर उसे दीवार पर टांगकर पॉकेट में ड्राइंग शीट से कटे हुए कार्ड बनाकर उसमें बड़े आकार में लिखकर उपयोग में लाएं |

6. समाचार पत्र के साथ मिलने वाली साप्ताहिक बाल पत्रिका

सप्ताहिक बाल पत्रिका का संकलन कर उन्हें बच्चों को पढने में रूचि विकसित करने हेतु उपयोग में लाया जाए | उसमें दी गयी विभिन्न गतिविधियों को कक्षा में एवं बाहर आयोजित करवाए |

7. मात्रा खिड़की

मात्रा खिडकी बनाकर उनके माध्यम से बच्चों को वर्ण और उसक साथ मात्रा मिलाने पर बनने वाले ध्वनि की जानकारी लेकर अभ्यास करवाया जाता है |

## एजेंडा छह: FLN TLM गणित

1.विभिन्न प्रकार की आकृतियाँ एवं सामग्री- आकृति की पहचान, आकृति की बनावट, हल्का-भारी, दूर-पास, बड़ा-छोटा, मोटा-पतला, विभिन्न आकृतियों के बारे में जानने आदि के लिए कुछ सामग्री एकत्र कर रखें | ये सामग्री मिट्टी, लकड़ी, कपडे, कागज़, लोहा किसी से भी बनी हो सकती है |

2. गिनती सीखने हेतु विभिन्न सामग्री- इमली या किसी फल के बीज, ढक्कन, कंकड़-पत्थर, कंचे, बटन, गिनतारा यंत्र आदि बनाकर रखें | मिट्टी की गोलियां बनाकर भी गिनतारा में उपयोग किया जा सकता है | गिनती के चार्ट |

3. Number Line :- मूर्त रूप में अंको और संख्याओं का ज्ञान, एक अंकीय जोड़, एक अंकीय घटाव, गुणा की अवधारणा, भाग की अवधारणा आदि को समझाने कक्षा में अलग अलग रंगों के गोलों वाली नंबर लाइन रखें |

4. Counters :- मूर्त रूप में अंको और संख्याओं का ज्ञान, एक अंकीय जोड़, एक अंकीय घटाव, गुणा की अवधारणा, भाग की अवधारणा को समझाने एवं अभ्यास करने हेतु इसका उपयोग करवाएं |

5. Calendar :- सप्ताह एवं महीनों के दिन, तारीखों की जानकारी, कैलेण्डर पढ़ना आना, आदि के लिए |

6. Base 10 Block :- इकाई, दहाई और सैकड़े का ज्ञान, बहुअंकीय जोड़, घटाव,गुणा और भाग के लिए |

7. घड़ी :- समय देखने, घंटे, मिनट आदि के बारे में समझने एवं समय देखने के अभ्यास के लिए |


8.Play Money (1,10, 20, 50, 100 और 1000 के नोट) :- मुद्रा की अवधारणा,इकाई, दहाई और सैकड़े का ज्ञान, बहुअंकीय जोड़, घटाव,गुणा और भाग का उपयोग कर व्यापार करने के अनुभव के लिए |

9. इकाई, दहाई और सैकड़ा Strip :- इकाई, दहाई और सैकड़े का ज्ञान, बहुआँकीय जोड़, घटाव,गुणा और भाग

10. पहाडा चार्ट :- पहाडे की समझ बनाने एवं उन्हें दैनिक जीवन में उपयोग हेतु याद करने चार्ट |

11. जोमेट्री बोक्स :- कक्षा में शिक्षकों द्वारा समझाने हेतु बड़ी आकार के जोमेट्री उपकरण होने चाहिए |

12. NCERT kit :- शालाओं में उपलब्ध किट का उपयोग कर भी सीखने में सहयोग लेवें |




13. खिलौने :- बहुत सारे खेल-खिलौने उपलब्ध हैं जिनके माध्यम से बच्चों को गणित की अवधारणाओं को स्पष्ट एवं अभ्यास कार्य करवाया जा सकता है | Board games का भी उपयोग किया जाना चाहिए |

14. Data Pattern :- मस्तिष्क प्रश्नों का संपादन, तार्किक प्रश्नों का संपादन

15. वर्कशीट्स :- गणित में अभ्यास की बहुत अधिक आवश्यकता होती है | अतः विभिन्न अवधारणाओं को स्पष्ट करने एवं उनपर अभ्यास हेतु वर्क्शीट्स बनाकर बच्चों को अभ्यास कर उनके द्वारा किए गए कार्यों पर फीडबैक देने की व्यवस्था की जा सकती है |

## एजेंडा सात: FLN गतिविधि हिन्दी

**खेल-खिलौनों पर बातचीत** – बच्चों द्वारा आमतौर पर खेले जाने वाले खिलौनों को बच्चों एवं उनके पालकों के माध्यम से संकलित करें | बड़ी कक्षाओं के बच्चों के सहयोग से कुछ खिलौने बनाकर रखें | समुदाय से भी कुछ खिलौने लेते हुए स्कूल में खिलौनों का संकलन रखें | इस प्रकार कुछ खिलौने बनाना (देखकर सुनकर बनाना), उनके नामों को याद करना (देखकर नाम से पहचान पाना और बोलना), श्यामपट में उनके नाम की पहचान पाना (पढ़ना), खिलौने के नामों के पहली ध्वनि को पहचान पाना एवं पहला वर्ण या पूरे नाम की नकल करना (लिखना)

**अपने साथियों के नाम पहचानना-** अपनी कक्षा के सभी बच्चों के नाम अलग-अलग कार्ड में लिखकर प्रदर्शित करें | बच्चों को पहले अपने नाम, फिर अपने साथियों के नाम और धीरे-धीरे अपने पालकों के नामों को भी लिखकर पहचानने का अभ्यास करवाएं | कार्ड की ढेरी में से अपने या बोले गए कार्ड को ढूँढने का खेल करवाएं

**हाव-भाव के साथ स्थानीय भाषा में गीत-कविताओं का वाचन-** बच्चों की स्थानीय भाषा में संकलित गीत-कविताओं को बच्चों से हाव-भाव से गाने का अभ्यास करवाएं | श्यामपट पर इन कविताओं को लिखकर उसमें से कुछ शब्दों जैसे बार-बार आ रहे शब्दों को पहचानने एवं उसकी पहली ध्वनि आदि की पहचान करने का अभ्यास करवाएं

**समुदाय के बड़े-बुजुर्गों के माध्यम से कहानी सुनाना-** बच्चों में सुनने का कौशल विकसित करने एवं किताबों की दुनिया में ले जाने के पूर्व बच्चों को कहानियों की दुनिया में लेकर जाने हेतु समुदाय का सहयोग लेवें | समय समय पर बड़े-बुजुर्गों को पूरे हाव-भाव के साथ स्थानीय भाषा में कहानियाँ सुनने सुनाने का अवसर देवें | बच्चों को बीच-बीच में प्रश्न पूछकर उसका जवाब सुनने का अवसर भी देवें |

## एजेंडा आठ: FLN गतिविधि गणित

**छोटी और बड़ी संख्याओं से संबंधित खेल**- विभिन्न संख्या कार्ड अथवा श्यामपट पर लिखकर पूछें
**मेरे आगे आता कौन. मेरे पीछे आता कौन** -अगली-पिछली संख्या के बारे में जानकारी हेतु खेल
**खेल-खिलौने**- सांप-सीढ़ी, लूडो, व्यापार, बिल्लस, गेंद के टप्पे गिनना, झूले के दोलन को गिनना
**अनुमान लगाना**- उंगली का बित्ता से नापकर अनुमान लगाना, आयतन, वजन का अनुमान लगाना
**घड़ी से समय देखना और कैलेण्डर से दिन और तारीख देखना**- जोड़ी में खेलते हुए समझ विकसित करना
**गणित के इबारती प्रश्न बनाना**- जोड़ी में एक दूसरे को विभिन्न सवाल बनाकर देना और जवाब प्राप्त करना
**विभिन्न नंबरों को याद करना**-गाडी के, मोबाइल के, घरों के एवं अन्य कुछ आवश्यक नंबर याद करना
**सर्वे करना**- गाँव में कितने जानवर, गाडी, मकान, फसलों की जानकारी, खेत का क्षेत्रफल निकालना
**गणित मेला** - गाँव में समुदाय के साथ मिलकर गणित मेले का आयोजन कर रोचक गतिविधियाँ
**मौखिक गणित**- विभिन्न संक्रियाओं जैसे जोड़-घटाना-गुणा-भाग-प्रतिशत आदि की मौखिक गणना

## एजेंडा नौ: FLN चुटकुले हिन्दी

चिंटू – बाल छोटे कर दो..
नाई – कितना ?
चिंटू – इतना की मास्टर जी के हाथ में न आ सके।

चिंटू – मैं कल से स्कूल नही जांऊगा, मास्टर जी को कुछ आता ही नहीं है |
पापा – क्यों, ऐसा क्या हो गया?
चिंटू – वो सारे सवालों के जवाब मुझसे ही पूछते हैं।

चिंटू स्टेशनरी दुकान में जाकर कहता है, "अंकल प्रिंटर के लिए पेपर देना।"
दुकानदार – A4?
चिंटू – एप्पल! अब जल्दी से पेपर दे दो अंकल।

मास्टर जी – चिंटू, स्वर और व्यंजन में क्या फर्क है ?
चिंटू – मास्टर जी, स्वर मुंह से बाहर निकलते हैं और व्यंजन मुंह के अंदर जाते हैं।

चिंटू – पापा आपकी दा...
पापा – चुप..कितनी बार कहा है कि खाना खाते समय बीच में बात नहीं करते हैं।
खाना खाने के बाद....
पापा – चिंटू अब बोलो क्या कह रहे थे ?
चिंटू – पापा, वो आपकी दाल में मक्खी गिर गई थी।



शिक्षक - मै ऐसा क्या करू,जिससे पूरी क्लास चुप हो जाये
बबलू- क्लास की छुट्टी
😃😃😃😃😃
मदन - अरे भाई, मुर्गी को गरम पानी क्यो पिला रहे हो ?
रमन- ताकि मेरी मुर्गी , डायरेक्ट उबले उबले अंडे दे

"अम्मा हमारे पढ़ाने वाले मास्टर जी जादूगर हैं | मैं भी उनसे जादू सीखूंगा |"
"तुम्हे कैसे पता चला कि वे जादू जानते हैं ?"
"उन्होंने आज एक लड़के से कहा- कल सबक याद करके नही लाया तो मुर्गा बना दूंगा |"

अंकल- बिट्टू पढाई कैसी चल रही है ?
बिट्टू – अंकल, समुद्र जितना सिलेबस है, नदी जितना याद होता है, गिलास भर लिख पाते हैं, चुल्लू भर नंबर आते हैं और उसी में डूबकर मर जाते हैं |

## एजेंडा दस: FLN चुटकुले गणित

मास्टर जी – चिंटू, 15 फलों के नाम बताओ।
चिंटू – आम, केला, अमरूद और एक दर्जन केले।

चिंटू – मास्टर जी, लोग हिंदी या इंग्लिश में ही क्यों बात करते हैं? गणित में बात क्यों नहीं करते?
मास्टर जी – ज्यादा 3-5 मत करो। मार-मार कर 9-2...11 कर दूंगा और 32 के 32 बाहर निकल आएंगे।
चिंटू – ठीक है सर अब समझ गया मैं। आज से मैं भी सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी में ही बात करूंगा।

गणित के मास्टर जी पढ़ा रहे थे कि अगर 100 किलो = 1 टन है, तो 300 का कितना टन होगा ?
चिंटू – टन टन टन।

टीचर क्लास में गणित पढ़ा रहा था
टीचर – बोर्ड में 55 लिखो, 😋
पप्पू – सर कैसे लिखते हैं 🤔
टीचर – 5 लिखे फिर उसके साइड में एक और 5 लिख
पप्पू – ने बोर्ड में 5 लिखा और रुक गया 😇
टीचर – अबे क्या हुआ रुक क्यों गया
पप्पू – सर दूसरा 5 किस साइड लिखूं समझ नही आ रहा 😭 😭 😭 😭

राजू ने कालेज में प्रथम वर्ष पूरा किया और अपने माता पिता के सामने डींग हांक रहा था |
उसने कहा कि मैं यह सिद्ध कर सकता हूँ कि दो चीजों को गिनकर उसे तीन में बदला जा सकता है |
उसने समझाने का प्रयास किया- "देखो यह एक अंडा है और यह है अंडा नंबर दो | दो और एक मिलाकर होते हैं- कितने ? तीन !"
पिताजी ने सोच में पड़कर अपना सर खुजाया और पत्नी से बोले- "इसमें से नंबर एक मैं ले रहा हूँ, नंबर दो तुम खा लेना और हमारा होशियार बेटा तीसरा अंडा खा लेगा |"

Teacher पप्पू से – 2 और 2 कितने हुए ?
पप्पू – 4,
Teacher – शाबास, अब बताओ, 3 और 7 कितने हुए ?
पप्पू – 10,
Teacher – अच्छा 5 और 7 कितने हुए ?
पप्पू – पता नही,
Teacher – क्यों ?
पप्पू – क्यूंकि मेरे पास तो बस 10 ही उँगलियाँ हैं...

